द्विवर्षीय डी.एल.एड. प्रशिक्षण प्रवेश परीक्षा 2020-201 में सफल अभ्यर्थियों की काउंसलिंग के पश्चात् प्रवेश हेतु दिशा-निर्देश

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर, नैनीताल की विज्ञप्ति संख्या उ0वि0शि0प0/डी0एल0एड0-2021/विज्ञप्ति 01/02/2022-23/2021, दिनाँक 06 अप्रैल 2022 द्वारा दिनांक 25 मई 2022 को आयोजित डी0एल0एड0 प्रवेश परीक्षा 2020-21 में चयनित अभ्यर्थियों (प्रथम एवं द्वितीय सूची) की राज्य स्तरीय काउन्सलिंग के उपरान्त प्रशिक्षण हेतु जनपद आवंटन किया गया है। अभ्यर्थियों को आवंटित जनपद में द्विवर्षीय डी0एल0एड0 प्रशिक्षण में प्रवेश सम्बन्धी दिशा-निर्देश निम्नवत् हैं-

1. द्विवर्षीय डी0एल0एल0 2020-21 के प्रशिक्षण हेतु प्रवेश प्रक्रिया दिनांक 13 जनवरी, 2023 से दिनांक 21 जनवरी 2023 तक समस्त जनपदों के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में सम्पादित की जायेगी। दिनांक 23 जनवरी, 2023 से डी0एल0एड0 कक्षाएं विधिवत् संचालित की जाएगी।
2. अभ्यर्थी आवंटित जनपद के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में प्रवेश हेतु उक्त तिथि में अनिवार्यतः उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उक्त तिथि के पश्चात् किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा तथा उसका कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।
3. प्रवेश के समय अभ्यर्थियों को समस्त शैक्षिक अर्हता एवं अन्य से सम्बन्धित समस्त प्रमाण पत्रों की मूल प्रति तथा दो-दो छायाप्रति स्वहस्ताक्षरित, दो नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं उत्तराखण्ड़ विद्यालयी शिक्षा परिषद् की विज्ञप्ति में उल्लिखित शैक्षिक अर्हता एवं अन्य से सम्बन्धित समस्त प्रमाण पत्र प्रवेश के समय प्रस्तुत करने होंगे, जिनका विवरण निम्नवत् है-

क्र0 सं0	अभिलेख
1	1. हाईस्कूल परीक्षा का अंकपत्र । 2. हाईस्कूल परीक्षा का प्रमाण पत्र। 3. इण्टर परीक्षा का अंकपत्र। 4. इण्टर परीक्षा का प्रमाणपत्र। 5. स्नातक परीक्षा के प्रत्येक वर्ष/सेमेस्टर परीक्षा के अंकपत्र। 6. स्नातक परीक्षा का प्रमाणपत्र।
2	1. SC/ST/OBC/EWS के संबंध में सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र।
3	1. DFF/PH/Ex.Sol के संबंध में सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र।
4	1. उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर, नैनीताल की विज्ञप्ति संख्याःउ0वि0शि0प0/डी0एल0एड0-2021)/विज्ञप्ति 01/02/2022-23, दिनाँक 06 अप्रैल 2022 के अनुसार एवं विवरणिका के अनुसार वांछनीय प्रमाणपत्र। (क) स्थाई निवास अथवा मूल निवास। (ख) नियोक्ता द्वारा जारी (अभिभावक/स्वयं का) सेवा/कार्यरत होने का प्रमाणपत्र (प्रमाणपत्र का प्रारूप संलग्न है)
5	1. डी0एल0एड0 प्रवेश परीक्षा हेतु निर्गत प्रवेश पत्र । 2. आधार कार्ड अथवा कोई अन्य फोटो युक्त वैध आई0डी0।
6	1. दो पासपोर्ट साइज के फोटोग्राफ।

4. जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में प्रमाण पत्र सत्यापन होने तक सभी अभ्यर्थियों का प्रवेश औपबन्धिक माना जाएगा।

5. अभ्यर्थी प्रवेश के समय सी0एम0ओ0/सी0एम0एस0 द्वारा निर्गत स्वस्थता प्रमाण पत्र तथा अन्तिम संस्था से प्राप्त किया गया चरित्र प्रमाण पत्र व अन्य दो राजपत्रित अधिकारियों से प्राप्त नवीनतम् चरित्र प्रमाण पत्र जो छः माह से अधिक पुराने न हों, प्रस्तुत करेंगे। इस आशय का प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करेंगे कि अभ्यर्थी पर वर्तमान में न्यायालय में कोई वाद योजित नहीं है।

6. प्रवेश के समय अभ्यर्थी प्रथम वर्ष का शुल्क रु0 35000/- (पैंतीस हजार रुपये मात्र) का डिमाण्ड ड्राफ्ट प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के पद नाम से जमा करेंगे।

7. जिन अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण हेतु जनपद चम्पावत आवंटित किया गया है, वे जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पिथौरागढ़ में प्रवेश हेतु उपस्थित होंगे।

10/1/23

अपर निदेशक
एस.सी.ई.आर.टी. उत्तराखण्ड
देहरादून